

Dr. Manoj Jain
Director

# DAILY CURRENT AFFAIRS QUESTIONS

कर्मण्येव जयते

पुलिस | PATWAR | HIGH COURT | रेलवे (JE, Group-D, TC, RPF) | BANK | SSC (CGL, 10+2, CPO-SI, MTS) | शिक्षक (I[st] ग्रेड) | REET (I, II Level)

# CURRENT G.K.

## MCQ QUESTIONS

## 10 September 2022



डॉ. मनोज जैन द्वारा संचालित

# काव्य क्लासेज ®

मोदी कॉलेज रोड, दादाबाड़ी, कोटा ( राज. )


पता : मोदी कॉलेज रोड़, दादाबाड़ी, कोटा (राज.)

Helpline : 94601-22225, 81045-02225

## 10 सितंबर का इतिहास

- **1939 :** कनाडा ने द्वितीय विश्वयुद्ध में जर्मनी के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।
- **1966 :** संसद ने पंजाब एवं हरियाणा के गठन को मंजूरी दी।
- **1976 :** इंडियन एयरलाइंस के बोइंग 737 विमान का लाहौर में अपहरण हुआ।
- **2003 :** विश्व व्यापार संगठन की पांचवी मंत्रिस्तरीय बैठक कानकुन में प्रारम्भ हुई।

## 10 सितंबर से संबंधित करेंट अफेयर्स

- सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ढांचागत क्षेत्र से जुड़े मुद्दों एवं चुनौतियों पर केंद्रित तीन-दिन के सम्मेलन मंथन का उद्घाटन करेंगे। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय की तरफ से जारी बयान के मुताबिक बेंगलुरू में आयोजित होने वाले इस सम्मेलन में सड़कों, नई सामग्रियों एवं तकनीक, सड़क सुरक्षा, वाहन सुरक्षा, वैकल्पिक एवं भविष्योन्मुख आवागमन, बहु-माध्यम लॉजिस्टिक पार्क, पर्वतमाला और डिजिटल हस्तक्षेप से जुड़े बिदुंओं पर चर्चा की जाएगी।
- शिक्षक दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि प्रधानमंत्री स्कूल फॉर राइजिंग इंडिया योजना के तहत पूरे भारत में 14,500 स्कूलों का विकास ओर उन्नयन किया जाएगा। ये मॉडल स्कूल बनेंगे जो नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति की पूरी भावना को समाहित करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि पीएम श्री स्कूलों में शिक्षा प्रदान करने का एक आधुनिक, परिवर्तनकारी और समग्र तरीका होगा। इन स्कूलों में पढ़ाई के दौरान एक खोज उन्मुखी सीखने पर केंद्रित शिक्षण के तरीके पर जोर दिया जाएगा।
- ग्रैंडमास्टर अरविंद चिताम्बरम 22वें दुबई ओपन शतरंज टूर्नामेंट में 7.5 अंक हासिल कर चैंपियन बने जबकि सात भारतीय शीर्ष 10 में शामिल रहे और आर प्रागनानंद पांच अन्य के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर रहे।
- सुप्रीम कोर्ट के सीनियर मोस्ट जज जस्टिस डी वाई चंद्रचूड़ राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नालसा के 31 वें कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किए गए है। केंद्र सरकार द्वारा भेजे गए प्रस्ताव को राष्ट्रपति द्वारा मंजूरी मिलने के बाद जस्टिस डी वाई चंद्रचूड़ की नियुक्ति का नोटिफिकेशन जारी कर दिया गया है। नालसा के कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में जस्टिस चंद्रचूड़ का कार्यकाल 9 नवंबर 2022 तक रहेगा।
- भारत ब्रिटेन को पछाड़कर दुनिया की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। अब सिर्फ अमेरिका, चीन, जापान और जर्मनी ही उससे आगे है। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष ने यह अनुमान जताया है। एक दशक पहले तक भारत बड़ी अर्थव्यवस्था के मामले में 11वें पायदान पर था, जबकि ब्रिटेन पांचवें स्थान पर था।
- भारत की अर्थव्यवस्था पूरी दुनिया में तेजी के साथ आगे बढ़ रही है। भारत की अर्थव्यवस्था, यूनाइटेड किंगडम को पछाड़कर अब दुनिया की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गई है। इन्हें बदलावों के साथ मौजूदा विकास दर के हिसाब से भारत 2027 में जर्मनी और 2029 तक जापान से बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। इस दौरान भारतीय अर्थव्यवस्था में सात पायदान की बढ़त होगी।
- विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा एक नई शोध फेलोशिप और अनुसंधान अनुदान योजना शुरू की गई। आयोग ने 3 अनुदान और 2 फैलोशिप योजनाओं सहित पांच योजनाओं की घोषणा की है। सेवानिवृत्त शिक्षकों के लिए अनुसंधान के अवसर प्रदान करने के लिए सुपरनेटेड फैकल्टी मेंबर्स फेलोशिप योजना शुरू की गई है। इस फेलोशिप में कुल 100 उपलब्ध स्लॉट हैं, और उम्मीदवारों को प्रति माह 50,000 रूपये और आकस्मिकता के रूप में प्रति वर्ष 50,000 रूपये मिलेंगे।
- विकास सहयोग के NITI-BMZ संवाद का शुभांरभ किया गया। इसकी शुरूआत नीति आयोग और जर्मन संघीय आर्थिक सहयोग और विकास मंत्रालय ने वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के जरिये की। दोनों पक्षों ने भारत और जर्मनी के लिए ठोस परिणाम और शिक्षण प्रदान कर सकने वाले संभावित सहयोग के क्षेत्रों की पहचान की। यह विशेष रूप से एजेंडा 2030 के लक्ष्यों के क्षेत्र में आपसी सहयोग को मजबूत बनाने का मार्ग प्रशस्त करती है। जर्मनी ने भारतीय राज्यों के स्तर पर SDG व जलवायु कार्रवाई के कार्यान्वयन में मजबूती हेतु 35 लाख यूरो के अतिरिक्त वित्त पोषण की घोषणा की।
- अनुकूल मांग की स्थिति और लागत दबाव में कुछ कमी के बीच अगस्त में भारत का प्रमुख सेवा उद्योग अपेक्षा से अधिक तेजी से बढ़ा। एसएंडपी ग्लोबल इंडिया सर्विसेज परचेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स या पीएमआई इंडेक्स जुलाई में चार महीने के निचले स्तर 55.5 से बढ़कर अगस्त में 57.2 हो गया, जो रॉयटर्स पोल में 55.0 के अनुमान को पार कर गया।
- लिज ट्रस यूनाइटेड किंगडम के 56वें प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेगी। लिज ट्रस बोरिस जॉनसन का स्थान लेगी, जो महारानी एलिजाबेथ द्वितीय को अपना इस्तीफा सौंपेगे।




डॉ. मनोज जैन द्वारा संचालित काव्य क्लासेज

## राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय करेंट अफेयर्स

**1. विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस हर साल कब मनाया जाता है ?**

(A) 10 सितंबर (B) 11 सितंबर
(C) 12 सितंबर (D) 13 सितंबर

**(A)** विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस हर साल 10 सितंबर को मनाया जाता है। प्रति वर्ष 10 सितंबर को इंटरनेशनल एसोसिएशन फॉर सुसाइड प्रिवेंशन विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस का आयोजन करती है। वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गनाइजेशन भी इसमें भागीदार है। विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस मनाने के पीछे का उद्देश्य विश्व में तेजी से बढ़ती आत्महत्या की प्रवृत्ति पर रोक लगाना है।




**2. विश्व प्राथमिक उपचार दिवस हर साल कब मनाया जाता है ?**

(A) सितंबर माह के पहले शनिवार को
(B) सितंबर माह के दूसरे शनिवार को
(C) सितंबर माह के तीसरे शनिवार को
(D) सितंबर माह के चौथे शनिवार को

**(B)** हर साल सितंबर माह के दूसरे शनिवार को दुनिया भर में चोटों को रोकने और जीवन को बचाने में प्राथमिक चिकित्सा के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए विश्व प्राथमिक उपचार दिवस मनाया जाता है। इस दिवस का उद्देश्य प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण के महत्व को बढ़ावा देना और संकट में अधिक लोगों की जान बचाने के लिए इसकी पहुंच को बढ़ाना है।




**3. हाल ही में किस भारतीय पूर्व बल्लेबाज ने सभी प्रारूपों से संन्यास लेने की घोषणा की ?**

(A) सुरेश रैना (B) जसप्रीत बुमराह
(C) विराट कोहली (D) ऋषभ पंत

**(A)** पूर्व भारतीय बल्लेबाज सुरेश रैना ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने की घोषणा की जिससे वह विदेशों में होने वाली टी-20 लीग में खेलने के लिए योग्य हो गए हैं। इस 35 वर्षीय खिलाड़ी ने 15 अगस्त 2020 को महेंद्र सिंह धोनी के संन्यास लेने की घोषणा करने के बाद अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया था।




**4. हाल ही में किस देश के क्रिकेटर मुशफिकुर रहीम ने टी-20 अंतर्राष्ट्रीय से क्रिकेट से संन्यास ले लिया ?**

(A) अमेरिका (B) भारत
(C) बांग्लादेश (D) पाकिस्तान

**(C)** बांग्लादेश क्रिकेट टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज मुशफिकुर रहीम ने क्रिकेट के लंबे प्रारूपों पर ध्यान देने के लिए टी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया। हालांकि फ्रेंचाइजी क्रिकेट खेलना जारी रखना चाहते हैं। एशिया कप 2022 में बांग्लादेश की टीम का प्रदर्शन अच्छा नही रहा था और वो जल्दी ही बाहर हो गई थी, उसके ठीक बाद रहीम ने टी-20 इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी।




**5. हाल ही में किस BCCI के अंतर्राष्ट्रीय और घरेलू मैचों के लिए टाइटल स्पॉन्सरशिप के अधिकार मिले है ?**

(A) मास्टरकार्ड (B) फ्लिपकार्ट
(C) पेटीएम (D) इनमे से कोई नहीं

**(A)** मास्टरकार्ड भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के स्वदेश में होने वाले सभी अंतर्राष्ट्रीय मुकाबलों और घरेलू प्रतियोगिता का टाइटिल प्रायोजक होगा। मास्टरकार्ड मोबाइल भुगान ऐप कंपनी पेटीएम की जगह लेगा। मास्टरकार्ड ने बीसीसीआई के 2022-23 सत्र के लिए 1 साल का स्पॉन्सर करार किया है।

MasterCard

डॉ. मनोज जैन द्वारा संचालित काव्य क्लासेज

**6. स्कूलों को विकसित व उन्नत बनाने के लिए प्रधानमंत्री श्री स्कूल योजना को किसने शुरू किया है ?**

(A) जगदीप धनखंड (B) द्रौपद्री मुर्मू

(C) नरेंद्र मोदी (D) धमेंद्र प्रधान

**(C)** स्कूलों को विकसित व उन्नत बनाने के लिए प्रधानमंत्री श्री स्कूल योजना को नरेंद्र मोदी ने शुरू किया है। इस योजना के माध्यम से पूरे भारत में 14500 पुराने स्कूलों को अपग्रेड किया जाएगा। जिसके माध्यम से अपग्रेड किए गए स्कूलों में शिक्षा प्रदान करने का एक आधुनिक, परिवर्तनकारी और समग्र तरीका लाया जाएगा, इसमें नवीनतम तकनीक, स्मार्ट क्लास, खेल और आधुनिक अवसंरचना पर विशेष ध्यान जोर दिया जाएगा।



**7. हाल ही में किस राज्य के जेल के खाने को 5 स्टार एफएसएसएआई रेटिंग मिली है?**

(A) उत्तरप्रदेश (B) मध्यप्रदेश

(C) मेघालय (D) कर्नाटक

**(A)** उत्तरप्रदेश के फर्रूखाबाद में जेल के खाने को 5-स्टार एफएसएसएआई रेटिंग मिली है। भारतीय खाद्य सुरक्षा मानक प्राधिकरण ने उत्तर प्रदेश के फर्रूखाबाद जिले की फतेहगढ़ सेंट्रल जेल के कैदियों को परोसे जाने वाले भोजन की गुणवत्ता के लिए 5 स्टार सर्टिफिकेट दिया है। एफएसएसएआई के ईट राइट सर्टिफिकेट के मुताबिक 1100 कैदियों को पौष्टिक और स्वास्थ्यकर भोजन मुहैया कराया गया।



**8. इंस्टीट्यूट ऑफ इंटीग्रेटेड लर्निंग इन मैनेजमेंट विश्वविद्यालय ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत भारत के पहले शिकायत कानून स्कूल का शुभारंभ कहाँ किया है ?**

(A) अमरावती (आंध्रप्रदेश) (B) हैदराबाद (तेलंगाना)

(C) कोंडागांव (छत्तीसगढ़) (D) ग्रेटर नोएडा (उत्तरप्रदेश)

**(D)** IILM विश्वविद्यालय ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत भारत के पहले शिकायत कानून स्कूल का उत्तरप्रदेश के ग्रेटर नोएडा में शुभारंभ किया है। इस स्कूल को स्थापित करने का उद्देश्य वकालत कौशल के साथ कानून के छात्रों को विपुल मुकदमेबाजी करने वाले वकील और होनहार न्यायाधीश बनने के लिए तैयार करना है।




**9. भारत के यूएवी इकोसिस्टम को दुनिया के सबसे बड़े ड्रोन फंड से कितने मिलियन डॉलर तक मिलेंगे ?**

(A) 20 मिलियन डॉलर (B) 40 मिलियन डॉलर

(C) 55 मिलियन डॉलर (D) 60 मिलियन डॉलर

**(B)** भारत के यूएवी इकोसिस्टम को दुनिया के सबसे बड़े ड्रोन फंड से 40 मिलियन डॉलर तक मिलेंगे। मानव रहित हवाई वाहन पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देने के लिए समर्पित दुनिया के सबसे बड़े वीसी में से एक जापान में स्थित $ 170 मिलियन ड्रोन फंड ने इस क्षेत्र में काम कर रहे भारतीय स्टार्टअप्स में $40 मिलियन तक का निवेश करने की योजना बनाई है।




**10. इसरो ने मंगल ग्रह या शुक्रम ग्रह पर मिशन लैंड करने के लिए इन्फ्लेटेबल एरोडायनामिक डिसेलेरेटर नामक नई तकनीक का कहाँ से सफलतापूर्वक परीक्षण किया है ?**

(A) सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र श्रीहरिकोटा (आंध्रप्रदेश)

(B) नोदन प्रणाली अंतरिक्ष केंद्र (बेंगलुरू)

(C) भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला (अहमदाबाद)

(D) थुम्बा इक्वेटोरियल रॉकेट लॉन्चिंग स्टेशन (तिरूवनंतपुरम)

**(D)** इन्फ्लैटेबल एरोडायनमिक डिसिलरेटर नामक यह तकनीक विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र में विकसित की गई है। इस तकनीक का थुम्बा इक्वेटोरियल रॉकेट लॉन्चिंग स्टेशन में रोहिणी 300 रॉकेट से परीक्षण किया गया है।

